卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 352 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦4 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

### द्वितीय नवरात्र



नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रक बल प्रदान करता है।

## किसानों की समृद्धि के लिए सरकार संकल्पित: धामी

### मुख्यमंत्री ने किया अखिल भारती किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ

पंतनगर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित









गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर पहुँचकर 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी मे लगे विभिन्न स्टॉलों का निरिक्षण किया। कार्यक्रम मे उन्होंने हरेला उद्यान का वर्चुअल शुभारम्भ एवं प्रकाशित साहित्य का विमोचन किया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों से आये प्रगतिशील कृषकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें चम्पावत के भीम सिंह महर, हरिद्वार के ओमवीर सिंह, पिथौरागढ़ के केशर दत्त, चमोली से लक्ष्मी देवी, नैनीताल से प्रताप सिंह, देहरादून के इंदर सिंह नेगी, अल्मोड़ा के शंकर सिंह बिष्ट, ऊधम सिंह नगर से अनिल दीप सिंह व रुद्रप्रयाग की सुनीता देवी को सम्मानित किया। बतौर मुख्यतिथि सम्बोधित करते हुए मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 116वां किसान मेला एवं कृषि (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्यूबवैल में विद्युत करेंट से महिला समेत दो गंभीर

लालकुआं(उद संवाददाता)। हाईटेंशन लाइन में धमाका होने से यहां बेरीपड़ाव के 6 नंबर ट्यूबवेल में अचानक करंट प्रवाहित हो गया। जिससे उसमें पानी भर रही एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए, उन्हें 108 सेवा से हल्द्वानी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब 12बजे बेरीपड़ाव रेलवे क्रॉसिंग के किनारे स्थित ट्यूबवेल नंबर 6 में कुछ लोग पानी भर रहे थे, इसी पास ही स्थित हाई टेंशन लाइन में तेज धमाका हुआ और ट्यूबवेल के पानी में करंट प्रवाहित हो गया। इसी दौरान उसमें पानी भर रहे मजदूर 35 वर्षीय कमल सक्सेना और महिला 30 वर्षीय पार्वती देवी को तेज करंट लग गया, जिससे वह दोनों बेहोश हो गए। महिला एवं युवक को करंट लगता देख आसपास हड़कंप मच गया। आनन-फानन में भारी संख्या में लोग ट्यूबवेल के पास एकत्र हो गये तथा इसकी सूचना पुलिस प्रशासन एवं विद्युत विभाग को दी गई। जिसके बाद 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। दोनों घायलों को डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी को भेजा गया। उक्त घटना के बाद मौके पर पुलिस, राजस्व विभाग और विद्युत विभाग के कर्मचारी पहुंच चुके थे।

## होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़,दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने मुखबिर की सूचना पर ट्रांजिट कैम्प के एक होटल में औचक दबिश देकर वहां देह व्यापार में लिप्त दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें होटल मालिक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को मुखबिर से यह सूचना मिली कि ट्रांजिट कैंप में एक होटल मालिक अपने होटल में महिला व पुरुषों से वेश्यावृत्ति करवा रहा है। यह सूचना उच्च अधिकारीगण को देने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल राकेश खेतवाल, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका आर्य, उप निरीक्षक महेश कांडपाल, कांस्टेबल किशोर के साथ होटल पहुची और उन्होंने होटल में औचक दबिश दी। होटल एनकेए में छापेमारी के दौरान एक कमरे से नदीम पुत्र अकील निवासी डडिया थाना देवरनिया जिला बरेली उत्तर प्रदेश, होटल मालिक निताई सरकार पुत्र सुधीर सरकार निवासी कौशलगंज बिलास पुर रोड थाना बिलासपुर जिला रामपुर हाल निवासी होटल एनकेए सिडकल रोड ग्रीन प्लाई के सामने ट्रांजिट कैंप व दो महिलाओं को अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल से कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। पुलिस पकड़े गये सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



## सलाखों के पीछे टेक्नोलॉजी के दम पर कैदी बने फैक्ट्री वर्कर

### जेल के कैदियों के लिए मिंडा कंपनी जेल में लगा रही प्लांट, हुआ भूमि पूजन

■ **हनीफ बाबा**

सितारगंज। केंद्रीय कारागार एवं संपूर्णानंद शिविर के कैदियों के लिए खुशखबरी हैं। जेल में मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी 130 वर्कर की क्षमता वाला प्लांट स्थापित कर कैदियों को वर्कर बनाकर ऑटोमोबाइल्स के तकनीकी वायर हार्नेस का उत्पादन करेगी। जेल अधीक्षक अनुराग मलिक की इस पहल को सराहा जा रहा हैं। उनका मकसद है कि जेल से छूटने के बाद कैदियों को समाज में रोजगार मिल सके है, तथा समाज की मनोवृत्ति भी कैदियों के प्रति सकारात्मक रहे। सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने गुरुवार को मिंडा कॉरपोरेशन लिमिटेड फैक्ट्री के मेंटेनेंस हेड गौरव के साथ जेल के भीतर प्लांट शुभारंभ से पूर्व विधिवत भूमि पूजन किया। कारागार के भीतर मिंडा कॉरपोरेशन प्लांट स्थापित होने के बाद जेल में उम्र कैदी, विचाराधीन कैदी कंपनी के वायर हार्नेस का उत्पादन करेंगे। शुरुआती चरण में करीब 130 बंदियों की क्षमता वाले प्लांट का निर्माण हो रहा हैं। जेल में बंद कैदियों से ऑटोमोबाइल के वायर हार्नेस तकनीकी प्रणाली के रूप में बनवाएं जाएंगे। वायर हार्नेस का मतलब है कि वायर असेंबली का उद्देश्य सिंगनल विद्युत शक्ति संचारित करना होता हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अनुराग मलिक ने बताया कि बंदियों को लेकर समाज के बीच बनी विचारधाराओं को बदलते हुए बंधिया की वास्तविकता और कार्य कुशलता से आमजन को परिचित कराया जा रहा हैं। इसके पीछे बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का उद्देश्य है। जिससे जब बाहर जाए तो समाज सकारात्मक रुख से उन्हें अपना सके।



## जमीनों की धोखाधड़ी और कबूतरबाजी की जांच के लिए एसआईटी का गठन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में विदेश भेजने और जमीनों के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एसआईटी गठित की है। एसआईटी में एक इंस्पेक्टर, दरोगा समेत सात पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। एसआईटी पुलिस कार्यालय में आने वाले प्रकरणों की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। बता दें तराई में विदेश भेजने के नाम पर बड़ी संख्या में युवा ठगी के शिकार हो रहे हैं। शहर में हर गली में विदेश भेजने के लिए सेंटर खुले हैं। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों पर शासन की ओर से कोई प्रावधान नहीं होने के कारण ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं जमीनों में भी फर्जीवाड़े के मामले पुलिस के पास पहुंच रहे हैं। इन सब पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए एसएसपी का रुख सख्त हो रहा है। एसएसपी ने बताया कि कबूतरबाजी और जमीनों की धोखाधड़ी की जांच को एसआईटी गठित की है। एसआईटी ऐसे मामलों की जांच कर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसआईटी में एक इंस्पेक्टर, दरोगा, पांच कांस्टेबलों को शामिल किया गया है। एसआईटी में इंस्पेक्टर में आशुतोष कुमार सिंह को शामिल किया गया है।

## कार की टक्कर से मां बेटा गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: सिडकुल क्षेत्र में ब्रिटानिया चौक के पास बाईक सवार मां पुत्र को पीछे से तेज गति से आती कार ने टक्कर मार दी। जिससे मां पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार टांडा बिलासपुर निवासी 73 वर्षीय शफीकन पत्नी मो. नवी अपने पुत्र उस्मान के साथ बाईक संख्या यूपी 22 ए डब्लू 9204 पर सवार होकर भवाली दवा लेने जा रही थी। जब वह यहा ब्रिटानिया चौक पर पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार के चालक ने बाईक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार शफीकन व उस्मान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल मां पुत्र को उपचार के लिए जिला (शेष पृष्ठ सात पर)



## सात साल में भी शुरू नहीं हुई जी.एस.टी. ट्रिब्युनल बेंच

### सरकार द्वारा सितम्बर 23 में गठित करने के बाद भी नहीं हुआ कार्यालय व तकनीकी सदस्य का इंतजाम

काशीपुर(उद संवाददाता)। जी.एस.टी. लागू हुये सात वर्ष से अधिक का समय हो गया है लेकिन जी.एस.टी. मामलों करदाताओं को न्याय दिलाने के लिये अधिनियम में प्रावधान किये गये जी.एस.टी. ट्रिब्युनल की उत्तराखंड राज्य हेतु देहरादून बेंच शुरू नहीं हो पायी है। हालांकि सितम्बर 2023 में केन्द्र सरकार द्वारा इसका गठन कर दिया गया लेकिन एक साल से अधिक समय बाद भी कार्यालय की व्यवस्था तथा तकनीकी सदस्य की नियुक्ति न होने के चलते यह शुरू नहीं हो सका हैं। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को आयुक्त राज्य कर कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने जी.एस.टी अधिनियम की धारा 109 के अन्तर्गत अपील व रिवीजनों की सुनवाई के लिये गठित होने योग्य जी.एस.टी. ट्रिब्युनल की राज्य बेच के गठन व शुरू होने सम्बन्धी सूचना उत्तराखंड शासन के वित्त विभाग से चाही थी। वित्त विभाग द्वारा सूचना प्रार्थना पत्र को आयुक्त राज्य कर कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी को हस्तांतरित करने पर उपायुक्त/लोक सूचना अधिकारी राज्य कर मुख्यालय, देहरादून प्रीति मनराल ने अपने पत्रांक 1534 से राज्य बेंच शुरू करने हेतु की गयी कार्यवाही की सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 14 सितम्बर 2023 से उत्तराखंड राज्य में देहरादून में माल और सेवा कर अपील अधिकरण की राज्य न्याय पीठ गठित की गयी हैं। अपील अधिकरण की राज्य पीठ को कार्यरत किये जाने के लिये कार्यालय भवन के चिन्हांकन तथा चयन सहित अधिकरण की राज्य न्याय पीठ में तकनीकी सदस्य (राज्य) को नियुक्त किये जाने की कार्यवाही भी गतिमान है। श्री नदीम को उपलब्ध मुख्य आयुक्त कार्यालय सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ के कार्यालय आदेश दिनांक 08-04-2024 के अनुसार अपीलेट ट्रिब्युनल की देहरादून बेंच के कार्यालय परिसर/भवन की पहचान के लिये कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें केन्द्रीय (शेष पृष्ठ सात पर)

# शिक्षा प्रगतिशील समाज की नींव: सीडीओ

## जनपद के सात स्कूलों में प्रोजेक्ट जिज्ञासा की शुरुआत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेस्ले इंडिया और अगस्त इंटरनेशनल फाउंडेशन ने उत्तराखंड में 'प्रोजेक्ट जिज्ञासा' की शुरुआत की। राज्य के सात स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों की स्थापना की गईं। जिसमें जीजीआईसी सुल्तानपुर पट्टी बाजपुर, जीजीआई बाजपुर, जीजीआईसी किच्छा, पुलिस मॉडम स्कूल रूद्रपुर के साथ ही नैनीताल जनपद के जीएचएसएस लालकुआं, जीजीयूपीएस लालकुआं व जीआईसी भवाली में विज्ञान प्रयोगशालाओं व पुस्तकालयों की स्थापना की गई। प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कहा शिक्षा किसी भी मजबूत और प्रगतिशील समाज की नींव है। जब हम बच्चों को प्रयोगों के जरिए सीखने में मदद करते हैं और उनकी पढ़ने की आदत को सुधारते हैं, तो वे भविष्य में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर पाते हैं, जिसका समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उत्तराखंड में प्रोजेक्ट जिज्ञासा के लॉन्च का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि इससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी और जमीनी स्तर पर नए अवसरों के रास्ते खुलेंगे। डायरेक्टर, कॉरपोरेट अफेयर्स और स्नेबिलिटी नेस्ले इंडिया संजय खजुरिया ने कहा, बच्चों में जिज्ञासा और जागरूकता बेहद जरूरी है। हम मानते हैं कि विज्ञान प्रयोगशालाएं बच्चों को प्रयोगों के जरिए कठिन कॉन्सेप्ट् आसानी से समझने में मदद करती हैं, जबकि लाइब्रेरी उन्हें ज्ञान और पढ़ने की प्रेरणा देकर उनकी कल्पनाओं को पंख देती है। हमें भरोसा है कि प्रोजेक्ट जिज्ञासा स्टूडेंट्स के सीखने के दायरे को बढ़ाएगा और उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा। नेस्ले इंडिया ने अगस्त इंटरनेशनल फाउंडेशन के साथ मिलकर उत्तराखंड के सात स्कूलों में प्रोजेक्ट जिज्ञासा की शुरुआत की है। इस परियोजना के तहत, नेस्ले इंडिया ने इन स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय स्थापित किए हैं। प्रोजेक्ट जिज्ञासा 2022 में शुरू किए गए नेस्ले के हेल्दी किड्स कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य बच्चों को प्रयोगों के जरिए विज्ञान सिखाना और उनमें पढ़ने की आदत विकसित करना है। उन्होने बताया कि 2022 में हरियाणा के समालखा के दो स्कूलों में प्रोजेक्ट जिज्ञासा का पायलट प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यह प्रोजेक्ट बढ़ा और अब गोवा, हरियाणा, और हिमाचल प्रदेश के 20 स्कूलों के बच्चों के विकास में अहम योगदान दे रहा है।



# मतदेय स्थलों के परिवर्तन को लेकर किया विचार विमर्श

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के संसोधन, परिवर्तन/परिवर्द्धन प्रस्ताव पर राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिसमे जनपद के 9 विधानसभाओं में वर्तमान मतदेय स्थल भवन के क्षतिग्रस्त होने अथवा जीर्णक्षीण होने के कारण उपयुक्त अन्य भवनों में परिर्वत हेतु जसपुर में 02, सितारगंज में 01, नानकमत्ता में 02, खटीमा में 02 कुल-07 भवन परिर्वतन प्रस्ताव व वर्तमान मतदेय स्थल भवनों के नाम परिर्वतन अथवा संसोधन होने के फलस्वरूप मतदान स्थल के नाम में सुधार हेतु रूद्रपुर के 02, नानकमत्ता के 04 कुल-6 प्रस्ताव के साथ ही गदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयनगर नं03 के कक्ष संख्या-1 में मतदाताओं के संख्या-1502 होने के कारण 237 मतदाताओं को राजकीय इंटर कालेज जयनगर के कमरा नं.1 में जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस के नगर सचिव मनोज कुमार सिंह, आप पार्टी के धमेन्द्र सिंह, भाजपा के धर्मेंद्र के बिट्टू चौहान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पाण्डे आदि उपस्थित थे।



# राम और सीता जन्म की लीला का सुंदर मंचन

खटीमा (उद संवाददाता)। सनातन श्री रामलीला पत्र परिषद द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के दूसरे दिन भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्म अयोध्या में एवं सीता माता जानकी माता का जन्म का सुंदर मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कमेटी के निदेशक वीरेंद्र रावत के निर्देशन में स्थानीय पत्र कलाकारों द्वारा ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार की प्रस्तुति की गई। रामलीला मंचन के



साथ-साथ हास्य कलाकारों द्वारा भी निदेशक वीरेंद्र रावत के सफल निर्देशन में विभिन्न कॉमेडी हास्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिनके उपस्थित दर्शकों ने लुत्फ उठाया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से आज संस्था के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, अनिल गुप्ता, वरुण अग्रवाल, मनोज वाधवा, अजहर सिद्दीकी, गोपी राम अग्रवाल, मुकेश वर्मा, रोहित गुप्ता, हरीश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में सजा धार्मिक दीवान

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की सीमा पर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाब गंज में अमावस्या के अवसर पर भारी गुरमत समागम आयोजित किए गये। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह ने शब्द कीर्तन में 'भल्ले अमर दास गुण तेरे तेरी उपमा तोहे बन आवै' गायन करने के साथ संगत को निहाल किया। कथावाचक भाई जसवीर सिंह द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब जी के परिचय तथा गुरु शबद की कथा के उपरांत संगत को गुरबाणी के आधार पर अपने जीवन को संवारने का आहवान किया गया। गुरदासपुर पंजाब से आए ढाढी जत्था भाई दलजीत सिंह द्वारा गुरु इतिहास एवं गुरु अमर दास जी के 450 वें ज्योति जोत समाए दिवस पर बोलते हुए कहा गुरु शाबान में सती प्रथा, पर्दा प्रथा एवं बाल विवाह का खंडन करते हुए स्त्री को पुरुष के बराबर दर्जा दिए जाने की पहल की। कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौंकी द्वारा गुरु अमरदास द्वारा गोइंदवाल नगर बसाए जाने तथा एक गरीब और अनाथ बालक भाई जेठा जी को गुरु रामदास जी के रूप में चौथे गुरु के रूप में गुरुगद्दी पर विराजमान करते हुए अपना दामाद भी बनाया का भावपूर्ण शब्दों में वर्णन किया वही कविश्री जाता देवेंद्र सिंह तक कथावाचक भाई हरभजन सिंह द्वारा भी हरिजात गायन किया गया। भाई करमजीत सिंह द्वारा कार्यक्रम संचालन करते हुए कहा गया कि आगामी 1 नवंबर को बंदी छोड़ दिवस दिवाली एवं अमावस पर्व मनाते हुए तीन दिवसीय भारी गुरमत समागम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर दूर दराज से आई हजारों की संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका तथा पवित्र सरोवर मैं स्नान करके गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण किया। कार सेवा के भाई गुरमीत सिंह द्वारा सभी संगत का धन्यवाद करते हुए गुरमत सिद्धांतों पर चलकर गुरु की कृपा के पात्र बनने का आहवान किया गया।



# सीडीओ ने की स्वयं सहायता समूह के कार्यो की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने स्वयं सहायता समूह के कार्यो की समीक्षा की। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों, ब्लॉक प्रबंधक को निष्क्रिय स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय करने के निर्देश दिये साथ ही सभी को बैंक से लिंक कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सभी स्वयं सहायता समूहों के शुद्ध डाटा भरते हुए पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वयं सहायता समूहों को विपरण हेतु उचित बाजार उपलब्ध कराने के क्रम में कहा कि दशहरा, दीपावली, छठ पूजा का त्योहार आ रहे है इसलिए महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विक्री हेतु खण्ड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रबंधक प्लान बनाकर प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी, मुख्य उद्यान अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूहों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन करने में सहयोग की अपील की साथ ही स्वयं सहायता समूहों से योजनाओं का लाभ उठाने को भी कहा। बैठक में पीडी हिमांशु जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी एमएस जंगपांगी, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी सहित स्वयं सहायता समूहों के ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी व स्वंय सहायता समूह आदि मौजूद थे।



# एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली रैली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर के द्वारा गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वंदना सत्र में मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष यशपाल घी, विद्यालय के प्रबंधक विवेक, विद्यालय भारतीय प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेंद्र शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया गया एवं कार्यक्रम अधिकारी दिनेश चन्द भट्ट के द्वारा के निर्देशन में सभी स्वयंसेवियों ने स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया तथा स्वयंसेवियों ने रैली क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया सभी स्वयंसेवियों ने सभी कार्यक्रमों में पूर्ण निष्ठा से प्रतिभागी किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



# शक्ति को संजोकर रखने में ही उसकी आराधना की पूर्णता : हरि चैतन्यपुरी

## दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन का भव्य शुभारंभ

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट में स्थापित श्री दिव्येश्वर महादेव मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष में आयोजित दस दिवसीय विशाल यज्ञ अनुष्ठान में भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ रहा है। पूजा, अनुष्ठान, अभिषेक इत्यादि के अलावा अपने दिव्य ओजस्वी प्रवचनों में श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर प्रेमावतार युगदृष्टा श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि असंतुलित, असंयमित, अनियमित दिनचर्या के कारण, गलत खान पान के कारण, चरित्र हीनता के कारण या दुरूउपयोग के कारण हम सभी आज अपनी शक्ति को खोते चले जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि शक्ति विहीन जीवन तो निरर्थक है।शक्ति की अनादि काल से आराधना चल रही है।विभिन्न रूपों में सभी मतों, संप्रदायों में शक्ति की अराधना के महत्व को स्वीकार किया है। लेकिन शक्ति की सच्ची उपासना शक्ति को संजोकर रखने में है। नौ दिन के प्रतीक रूप में जो अपने शरीर के नौ द्वारों पर संयम व नियंत्रण रखता है उसे अवश्य ही विजय प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी के अंदर सदैव से अच्छाई व बुराई, धर्म अधर्म, उचित अनुचित इत्यादि द्वंद चल रहा है। लेकिन यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है कि हम किसे जगाते हैं। मन की चंचलता को अभ्यास द्वारा रोककर एकाग्रचित्त होकर, बर्हिमुखता त्यागकर, अंर्तमुख होकर हम अपनी स्वयं की प्रभा को जागृत कर सकते हैं। अध्यात्म पथ पर अग्रसर हो सकते हैं। प्रभु भक्ति का यदि हृदय में निवास हो तो किंचित मात्र भी प्रत्यक्ष में तो क्या स्वप्न में भी हमें दुख व्यथित नहीं कर सकते। किसी सुखी को देखकर ईर्ष्या करना, व दुखी को देखकर प्रसन्न होना यह दुष्टता के लक्षण है। उन्होंने कहा कि प्रेम, एकता व सद्भाव को बढ़ावा दे ।धर्म जोड़ता है तोड़ता नहीं परंतु दुर्भाग्यवश आज धर्म के नाम पर लोग टूटते व बटते जा रहे हैं। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों में उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध को भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय तथा श्री गुरु महाराजकामा के कन्हैयाव लाठी वाले भैयाकी जय जय कार से गुंजायमान हो उठा। महाराज जी के भक्ति गीतों को डीसुनकर सभी भक्त भावविभोर होकर नाचने लगे।के पंडाल में पहुंचने पर महाराज श्री का पुष्प वृष्टि कर स्वागत किया।महाराज श्री के सानिध्य में विश्व कल्याणार्थ आयोजित यज्ञ व अनुष्ठान में प्रातः काल उपस्थित बड़ी संख्या में भक्तों के बीच पूर्व वैदिक व पौराणिक परंपराओं के अनुसार कलश स्थापना, जौ बोना, दिव्येश्वर महादेव का महाभिषेक एवं दुर्गा पूजा की गई। 12 अक्टूबर तक नित्य प्रातः काल नियमित रूप से चलेगा। तथा 11 अक्तूबर तक सांय काल 4 बजे से प्रवचन व अंत में दुर्गा जी की भव्य आरती का आयोजन होगा। 12 अक्तूबर को प्रातः काल से दूर्गा पूजन, प्रातः आठ बजे से यज्ञ, हवन व दस बजे से भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम व श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे। उसके बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन होगा तथा सांय 5 बजे से कन्या पूजन होगा।



# ठेली फड़ वालों के लिए वेंडिंग जोन चिन्हित, जाम से मिलेगी राहत

## किच्छा में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने की नई व्यवस्था

किच्छा(उद संवाददाता)। त्यौहारों के दौरान नगर में बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। नगर क्षेत्र में मुख्य बाजार से यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए उप जिलाधिकारी द्वारा सभी फड़ ठेला व्यापारियों को वेडिंग जोन में बसाए जाने की कार्यवाही को लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने पहल का स्वागत किया है। फल ठेला व्यवसाईयों को नगर में तीन स्थान चिन्हित कर वेंडिंग जोन बनाकर नियमानुसार क्रमानुसार व्यापार करने की अनुमति दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। हल्द्वानी रोड पर खाली पड़ी सरकारी भूमि पर वेडिंग जोन बनाने को लेकर गत दो दिनों से चल रहे प्रयास आज सार्थक हो गए हैं इसके अलावा जबकि एक अन्य वेंडिंग जोन पुराना अस्पताल रोड पर खाली पड़ी सरकारी भूमि पर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि महाराणा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक और महाराणा चौक से





लेकर डीडी चौक तक डीडी चौक से लेकर आवास विकास तक यातायात की व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई थी जिसका मुख्य कारण सड़क के दोनों और फल ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को बताया जा रहा था जिसको लेकर उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र एवं कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा तथा अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह पिछले काफी समय समाधान के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। अंतिम रूप से चयनित भूमि पर गत दो दिनों से फड़ ठेला व्यवसाईयों को बसाए जाने पर कार्यवाही की जा रही थी जिस पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। अब डीडी चौक से लेकर महाराणा चौक तक एवं महाराणा चौक से लेकर के रेलवे स्टेशन तक के व्यापारियों को राज पेट्रोल पंप से लेकर के बंडिया तक वेडिंग जोन बनाकर फड़ व्यवसाय करने की अनुमति दी गई है इसके अलावा संजय गांधी पार्क में फास्ट फूड के कार्य में लगे फड़ ठेला व्यवसाईयों को पुराना अस्पताल पर सरकार की खाली भूमि पर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित समस्त फड़ ठेला व्यवसाईयों को पुरानी मछली बाजार के पास खाली पड़ी सरकारी भूमि पर वेडिंग जोन बनाकर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा आवास विकास से लेकर दरऊ रोड चौराहे फड़ व्यवसाईयों को भी वेंडिंग जोन बनाकर नवीन गल्ला मंडी के आसपास खाली पड़ी सरकारी भूमि पर बसाए जाने की कार्यवाही अमल में लाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक मीट मछली व्यापारियों के संबंध में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है किंतु उनके पुनर्वासन हेतु भी उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा स्थान की तलाश की जा रही है ताकि सड़क के किनारे पर फड़ ठेला व्यवसाईयों का पूर्ण रूप से आधिपत्य समाप्त किया जा सके और यातायात की व्यवस्था सुचारू बनी रहे आम नागरिकों को जाम से निजात मिल सके।

## दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखा तो होगी कार्रवाई: एसडीएम

किच्छा। उप जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा ने नगर के फल ठेला व्यवसाईयों हेतु वेंडिंग जोन बनाए जाने के प्रकरण को लेकर प्रेस को दिए गए बयान में कहा है कि उनका मकसद नगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना है। यह व्यापारियों के हित में ही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन व्यवसाईयों को वेंडिग जोन में बसाया जा रहा है उन्हें किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है। उनका नगर पालिका में रजिस्ट्रेशन किया गया है जो कि उनके व्यापार करने की अनुमति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जो भी वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं उनमें फड़ ठेला व्यवसाईयों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी फड़ ठेला व्यापारियों को वेडिंग जोन में असुविधा हो रही है तो वह उनसे सीधे संपर्क कर अपनी बात रख सकता है। उन्होंने नगर के व्यापारियों से अनुरोध किया है कि



नाले के बाहर सामान ना लगाएं यदि ऐसा किया जाता है तो यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होना निश्चित है। इस परिस्थिति में व्यापारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने नगर के सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि त्योहारों को देखते हुए किसी भी प्रकार नाले के बाहर या निर्धारित चिन्ह से बाहर दुकान का सामान ना लगाया जाए यह उनके ही हित में है इसमें शासन प्रशासन का किसी भी व्यापारी के विरुद्ध कोई दुराभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि दरऊ चौराहे से लेकर डीडी चौक तक तथा आदित्य चौक से लेकर के डीडी चौक और डीडी चौक से लेकर महाराणा चौक तथा महाराणा चौक से लेकर वंडिया तक लगातार जाम की स्थिति बने रहने के कारण वेंडिंग जोन बनाने की आवश्यकता शासन प्रशासन को महसूस हुई है जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है यह किच्छा के नागरिकों के लिए ही उठाया गया कदम है।

## किच्छा में ठेली वालों का शोषण नहीं होने दिया जायेगा: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने जारी बयान में किच्छा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये और अपनी घोर नराजगी जताते हुए कहा कि इस समय पूरे देश में हिन्दुओं का बहुत बड़ा नवरात्रों का त्यौहार चल रहा है जो कि हर हिन्दू की आस्था से जुडा हुआ है और इस समय प्रत्येक हिन्दू परिवार में फलों का भोग देवी-देवताओं को लगाया जाता है। ऐसे में किच्छा उपजिलाधिकारी और किच्छा कोतवाल द्वारा त्यौहार प्रारम्भ होने से पूर्व ही किच्छा के समस्त छोटे व गरीब व्यापारी जो की वर्षों से फल व दैनिक उपभोग की घरेलू वस्तुएं ठेलें में लगाकर किच्छा शहर में बेचते हैं उनकों बीच शहर से उजाड़ कर शहर के बाहर निकाल देना बहुत ही निंदनीय कृत्य है। किच्छा उपजिलाधिकारी और किच्छा कोतवाल ने नवरात्रों का भी ख्याल नही रखा जबकि इस विषय में उनकी किच्छा प्रशासन से वार्ता भी हुई थी



किन्तु वार्ता के बाद प्रशासन अपनी बात से मुकर गया और अपनी हठकर्मिता के कारण गरीबों को उनके त्यौहार से वंचित रखने के लिए ये घिनौना कृत किया है। बेहड़ ने कहा कि जिस तरह से किच्छा में गरीब ठेलें वालो को त्यौहारों पर हटाया गया है इससे भाजपा सरकार की मंशा साफ जाहिर होती है । एक तरफ तो भाजपा सरकार जो देश में हिंदुत्व की बात करती है वहीं दूसरी तरफ भाजपा की प्रदेश सरकार के चलते हिन्दुओं को उनके त्यौहार में भी अधिकारियों द्वारा नहीं बख्शा जाता। उन्होंने प्रशासन को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि वे किच्छा में समस्त छोटे बड़े व्यापारियों के साथ खड़े है गरीब ठेले वालो का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। प्रशासन के इस गलत निर्णय के खिलाफ किच्छा की आम जनता में भी भारी रोष है और उन्हें अपने भगवान को भोग लगाने के लिए शहर के अंदर फल प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

## यातायात और कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी: कोतवाल

किच्छा। फड़ ठेला व्यवसाईयों को वेंडिंग जोन में बसाए जाने एवं नगर के दुकानदारों को नाली के बाहर सामान ना लगाए जाने के प्रशासन के अनुरोध के बाद



कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने कहा है कि नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों से बार-बार निवेदन किया जा रहा है की नाली के बाहर सामान ना लगाए तथा सड़क को खुला छोड़ दें ताकि नागरिकों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े और मुख्य बाजार में जाम की स्थिति से जूझना ना पड़े। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बिगड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी यदि ऐसा किसी ने किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के प्रयास सराहनीय: फुटेला

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त



करने के लिए किया जा रहे प्रयासों के प्रशंसा करते हुए कहा कि फड़ ठेला व्यवसाईयों को वेंडिंग जोन में बसने के बाद पूरे क्षेत्र की सुंदरता निखर कर आएगी। नागरिकों को उनकी मनचाही वस्तु एक ही स्थान पर मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फल व्यवसाय फास्ट फूड व्यवसाय मीट विक्रेता सभी को अलग-अलग वेंडिंग जोन ने बसाया जा रहा है इससे जिस व्यक्ति को जिस वस्तु की आवश्यकता होगी वह उसे स्थान पर जाकर के आसानी से खरीदारी कर सकता है उन्होंने दुकानदारों से भी निवेदन किया कि नाली के बाहर सामान ना लगे तथा सड़क को खोली रखें ताकि त्योहार पर ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह मिल सके।

## किसी भी व्यापारी का अहित नहीं होने दिया जाएगा: बजाज

किच्छा। प्रांतीय उद्योग नगर व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने कल प्रशासन के साथ मिलकर वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया तथा उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र से निवेदन किया कि जिन फड़ ठेला व्यवसायियों को वेल्डिंग जोन में बसाया जा रहा है उनका भविष्य में भी परमानेंट टोकन दिया जाए ताकि उन्हें बार-बार प्रशासन द्वारा खदेड़ने या हटाने की कवायद ना की जाए। उन्होंने कहा कि वह हर व्यापारी के साथ हैं तथा किसी भी व्यापारी का अहित नहीं होने दिया जाएगा चाहे वह व्यापारी फल ठेला लगा रहा हो या पक्की दुकानों में रहकर व्यवसाय कर रहा हो



उन्होंने प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने हेतु वेंडिंग जोन बनाए जाने के प्रयासों को सार्थक बताया है तथा प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा किए।

# ठंडी नदी में अतिक्रमण कर बैठे लोगों के खिलाफ जांच शुरु

## एसडीएम ने मौके का निरीक्षण कर अतिक्रमणकारियों से दस्तावेज तलब किये, मचा हड़कम्प





गदरपुर(उद संवाददाता)। शासन एवं प्रशासन के दिशा निर्देश पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया हैं जिसके लिए संबधित अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिय गये है। इसके चलते एसडीएम गदरपुर द्वारा ठंडी नदी के दोनों किनारों पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया गया। अचानक निरीक्षण से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पहुंचे लोगों ने इसका विरोध किया। जिस पर एसडीएम द्वारा कहा कि भवन के संबंध में दस्तावेज दिखाये जाये। गुरुवार को एसडीएम आशिमा गोयल एवं अधिशासी अधिकारी संजीव महलोत्रा पालिका कर्मचारियों के साथ ठंडी नदी के किनारे पहुंची तो वहां पर बसे लोगों में हड़कम्प मच गया। एसडीएम द्वारा वहां मौजूद लोगों से जगह के कागजात मांगे गये लेकिन कोई भी व्यक्ति जगह की रजिस्ट्री संबंधी कागजात नहीं दिखा पाये। लोगों ने कहा कि वह करीब 30- 40 वर्षो से अधिक समय से यहां रह रहे है और नगरपालिका द्वारा उनसे हाऊस टैक्स भी लिया जा रहा है। उनके पास जमीन खरीदने का स्टाम्प पेपर है और बिजली कनैक्शन भी नाम पर है। इस मौके पर पालिका कर्मियों में विरेन्द्र कुमार, तहसील कर्मियों में राजस्व निरीक्षक सतपाल बाबू, ज्योति, एसआई जितेन्द्र मेहरा मौजूद थे। ठंडी नदी पर कई वर्षो से बैठे लोगों से पालिका प्रशासन द्वारा हाउस टैक्स लेने के बावजूद भी अतिक्रमण के दायरे में आ जाने से पालिका प्रशासन भी संदेह के घेरे में आ गया। यहां बता दें कि ठंडी नदी का किनारा सिंचाई विभाग की भूमि है और वह पहले से ही अतिक्रमण के दायरे में थी। इसके बावजूद भी पालिका प्रशासन द्वारा वहां पर बनाये गये भवनों पर किस नियम के अन्तर्गत हाऊस टेक्स लगा दिया गया। वहीं विद्युल विभाग द्वारा भी बिजली का कनैक्शन दिया गया है। अब प्रशासन द्वारा उन्हें अतिक्रमण के आधार पर हटाने की कार्यवाही शुरु की जा रही है। जिससे यह मामला काफी गंभीर नजर आने लगा है।

### कई वर्ष पहले भी अतिक्रमण हटाने शुरू हुई थी मुहिम

गदरपुर। ठंडी नदी के किनारे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरु की गयी है। यदि नदी के किनारे का अतिक्रमण हटाया गया तो करीब 200 परिवारों को अपने आशियाने से हाथ धोना पड़ सकता है। जो शासन व प्रशासन के लिए सिरदर्द बन सकता है और कई राजनैतिक दल अपनी राजनीति खेलने में भी कोई कसर नहीं छोड़ेगे। यहां बता दें कि कुछ वर्ष पहले भी अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल की गयी थी। लेकिन आगे की कार्यवाही कैसे शांत हो गयी। अब यह कार्यवाही पुन: शुरु हो जाने से नगर में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या अब प्रशासन अतिक्रमण हटा पायेगा या फिर कुछ दिन बाद मामला शांत हो जायेगा। यह अब आने वाल समय ही बतायेगा। यहां बता दें कि इस वर्ष नगरपालिका के चुनाव भी होने है अब देखना यह है की कार्रवाई कहां तक पहुंचती है।

# सीता स्वयंवर की लीला का भव्य मंचन

## मुख्य रामलीला में ताड़का का विकराल रूप, अहिल्या तरण, रावण वाणासुर संवाद, राम-परशुराम संवाद का हुआ मंचन







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस स्टैंड वाली रामलीला में तृतीय दिवस में सुबाहु मारीच की खरमस्तियां, विश्वामित्र यज्ञ विध्वंस, विश्वामित्र का अयोध्या जाकर राजा दशरथ से उनकें पुत्रों राम-लक्ष्मण को लेकर आना, सुबाहु वध, ताड़का का विकराल रूप, ताड़का वध, अहिल्या तरण, सीता स्वयंवर, रावण वाणासुर संवाद, धनुष टूटना, राम-परशुराम संवाद तक की सुंदर लीला का मंचन हुआ। आज लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि किच्छा विधायक एवं श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल व विशिष्ट अतिथि एसपी मनोज कत्याल ने प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री रामलीला कमेटी नें सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। लीला में गणेश वंदना एवं राम वंदना के पश्चात प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि सुबाहु मारीच का राज होता है। वह राहगीरों को लूटनें के साथ ही मारकाट करते रहते है। अपनी ताकत के मद में चूर होकर वह विश्वामित्र जी के यज्ञ को विध्वंस कर देत है। विश्वाामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचकर राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को उनके साथ भेजनें को कहते है। राजा दशरथ के मन में संशय होता है, लेकिन गुरू वशिष्ट के द्वारा उनके मन के संशय को दूर कर दिया जाता है। राम-लक्ष्मण विश्वाामित्र जी के साथ वनों में जाते हैं, जहां ताड़का के साथ उनका विकट युद्ध होता है। ताड़का मारी जाती है। इसके बाद सुबाहु मारीच के साथ हुयी जंग में सुबाहु मारा जाता है, मारीच भाग कर अपनी जान बचाता है। राम अहिल्या को तारते हैं। इसके बाद सीता स्वयंवर का मनमोहक व भव्य दृश्य होता है, जिसमें रावण वाणासुर संवाद, लखटकिया नरेश एवं धनुष टूटनें एवं राम परशुराम संवाद तक की लीला का मंचन किया जाता है। लीला में भगवान गणेश के रूप में आशीष ग्रोवर आशू, सुबाहु-मनोज मुंजाल, दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना, मारीच की भूमिका में सचिन मुंजाल, विश्वामित्र-मोहन भुड्डी, ताड़का-विधाल भुड्डी, छोटे राम की भूमिका में कनव गंभीर, छोटा लक्ष्मण-पुरूराज बेहड़, अहिल्या की भूमिका में सुमित आनन्द, जनक-अनिल तनेजा, वशिष्ठ-रोहित खुराना, राम- मनोज अरोरा, लक्ष्मण- गौरव जग्गा, सीताजी, दीपक अग्रवाल, लखटकिया नरेश मनोज मुंजाल, परशुराम- गुरशरण बब्बर सन्नी, वाणासुर- वैभव भुड्डी, रावण-रमन अरोरा, ताड़का के रिश्तेदारों का किरदार- राम कृष्ण कन्नौजिया, कुक्कू शर्मा,गोला ईदरीसी, आयुष्मान सुशील गाबा, आदि नें निभाया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा, सुशील गाबा एवं संदीप धीर नें संयुक्त रूप से किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्यवयक नरेश शर्मा, बीना बेहड़, पूर्वा बेहड़, अनीशा बेहड़, मिनाक्षी गाबा, ओम प्रकाश अरोरा, महावीर आजाद, सुभाष खंडेलवाल, अशोक गुंबर, जगदीश टंडन, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा,गौरव तनेजा, सतपाल गाबा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, राजकुमार कक्कड़, पुलकित बांबा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, बिट्टू ग्रोवर, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, त्यागी बब्बर, यमन बब्बर, मनीष अग्रवाल सीए, गोपाल माहेश्वरी सीए, राकेश गंभीर, दीपक गंभीर, आशू गंभीर, अमित कालड़ा, कशिश खेड़ा, वैभव ग्रोवर, लवी ग्रोवर, अमित सरकार, विजय चिलाना, पत्रकार परमपाल सुखीजा पम्मी, भानु चुघ, दीपक कुकरेजा, सुरेन्द्र शर्मा, अर्जुन, अनुज, वीरेन्द्र आर्य आदि उपस्थित थे।



## मुख्य बाजार में ताड़का ने मचाया खूब हाहाकार, रोमोचित हुए लोग

रूद्रपुर। विगत दिवस की लीला के पूर्व सांयकाल को ताड़का की झाांकी मुख्य बाजार से निकाली गई। इस दौरा ताड़का को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इसमें ताड़का के किरदार निभा रहे विशाल भुड्डी जब हाहाकार मचाते हुए बाजार क्षेत्र में पहुंचें तो लोगों में रोमांच छा गया। बच्चे में घबराहट फैल गयी। ताड़का का विकराल स्वरूप को देखकर बाजार में पहुंचे लोगों को खूब आकर्षित किश साथ ही ताड़का को हाहाकार मचाते हुए देख कई बच्चे डर के मारे रोने भी लग गये। इस रोमांचकारी दृश्य के लिये माधव आनन्द, त्यागी बब्बर, सोनू डीजे, सुभाष तनेजा, नितिश धीर व दिव्यांश गोयल नें विशेष योगदान दिया।

## संघर्ष और परंपराओं का प्रतीक है रामलीला मंचः बेहड़

रूद्रपुर। रामलीला मंच पर संबोधन में विधायक तिलक राज बेहड़ नें कहा कि यह विशाल मंच एक बड़ें संघर्ष का परिणाम,कमेटी की अथक भगीरथ मेहनत के साथ ही पूरे क्षेत्र की जनता के जनसहयोग द्वारा स्थापित मील का पत्थर है। हमारी संघर्ष की परंपराओं का प्रतीक यह मंच यह दिखाता है कि यदि जनता एवं नेतृत्व ठान ले, तो कोई भी सत्ता हो या सिस्टम अथवा कोई अन्य, वह जनता का अहित नहीं कर सकता। जनभावनाओं से जुड़े इस मंच का संघर्षमयी ईतिहास एक मील के पत्थर की तरह श्रीरामलीला मंच के साथ ही जनता को एकजुट हो संघर्ष करनें की प्रेरणा भी देता रहेगा।वही मुख्य नगर आयुक्त नें अपनें संबोधन में कहा कि हमें नगर में साफ सफाई रखनें में अपना योगदान देना चाहिये। हम सफाई का ध्यान रखते हैं तो वह देखने में सुदंर होनें के साथ ही अनेकों बिमारियों से भी हमें बचाता है। आजकल डेंगू सीजन में हमें अपने आसपास जमा पानी को हटा देना चाहिये। खुले गडढों को बंद कर देना चाहिये। एसपी मनोज कत्याल नें अपनें संबोधन में कहा कि इस समय महिला सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में से है। महिलाओं को कोई भी आपातकालीन स्थिति में एसओएस व 112 का इस्तेमाल आना चाहिये, ताकि पुलिस तत्काल पहुंचकर उन्हें मदद देकर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा सके।

## छोटे राम की भूमिका में कनव गंभीर, छोटे लक्ष्मण की भूमिका में पुरूराज बेहड़ नें जीता सबका दिल

रूद्रपुर। लीला में छोटे राम की भूमिका में कनव गंभीर, छोटे लक्ष्मण की भूमिका में पुरूराज बेहड़ नें अपनें अनुपम सौंदर्य, बेहतर संवाद अदायगी व पूरे आत्मविश्वास से निभाये गये किरदारों से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। राजा दशरथ के साथ उनके संवाद, विश्वामित्र से संवाद, ताड़का से युघ्द्ध के समय संवाद अदायगी आदि समस्त दृश्यो में दोनों बालकों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऐसा लगता था कि मानों वह वर्षो से इस मंच को जानते हैं। उपस्थित जनसमूह की देर तक बजती तालियों नें उनका उत्साहवर्धन किया।







# आओ मात जी तुवाड़ा मंदिर सजाया है...

## पावन नवरात्रि पर श्री दुर्गा मंदिर में सजा मां का दरबार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि के प्रथम दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता का भव्य दरबार सजाकर अर्द्ध रात्रि जागरण का आयोंजन किया गया। जिसमें आमंत्रित भजन कलाकार द्वारा मां के भजन सुनाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया गया। अर्द्ध रात्रि जागरण का शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान श्यामलाल भूटानी, श्रीमति ऊषा रानी भूटानी, अमित भूटानी, मंदीप भूटानी से पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमित अरोरा ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई। हल्द्वानी से आये भजन गायक कलाकार विवेक शर्मा ने बिगड़ी मेरी बना दे मां शेरां वाली मैया, आओ मात जी तुवाड़ा मंदिर सजाया है, सारी दुनियां में गूंजे मां तेरी जय जयकार, तुं कितनी अच्छी है तुं कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां, सिंदूरी बदन है जिनका जपते हैं राम राम जय बजरंग बली जय बजरंग बली, सुनो केसरी के लाल मेरा छोटा सा परिवार, मेरे राम जी से कह देना सिया राम, जय जय बजरंग बली जो दिल से पुकारे तुझे उसकी नाव चली आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हरीश धीर, रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, राजेश पोंपली, जुगनू, राजीव मदान, इन्द्रजीत अरोरा, योगेश साहनी, हरीश अरोरा, कमल, मोहित अरोरा, प्रदीप मदान, श्यामलाल मदान, गुलशन गोयल, ब्रजभूषण ठक्कर, किशन मुरारी धीर, संजय कोहली, राजरानी, नीतू अरोरा, आशा गाबा, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।





















# धूमधाम के साथ निकाली गयी श्री राम बारात

## नगर में जगह-जगह पर किया गया जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी रामलीला कमेटी के तत्वाधान में प्रभु श्रीराम की धूम-धाम के साथ बारात निकाली गई। बारात का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। गुरुवार को अनाज मंडी रामलीला कमेटी के तत्वाधान में श्रीराम बारात निकालने से पूर्व प्रभु श्रीराम की कमेटी अध्यक्ष रविंद्र बजाज एवं कमेटी सदस्यों द्वारा आरती उतारी गई। प्रभु श्रीराम को कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र बजाज द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। बारात अनाज मंडी से प्रारंभ होकर गूलरभोज रोड, सरकारी अस्पताल, मुख्य बाजार, बुध बाजार होते हुए अनाज मंडी रामलीला के प्रांगण में पहुंची। इस दौरान प्रभु श्रीराम और उनके भाइयों पर जगह-जगह मुख्य बाजार में लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान पूरा शहर श्रीराम मय की भक्तिमय में डूब गया।



श्रीराम की बारात में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज, कमेटी के महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णलाल बत्रा, दीपक बेहड़, श्याम लाल सुखीजा, धर्मचंद खेड़ा, अशोक हुड़िया, लवली हुड़िया, डिम्पल आहूजा, नरेश हुड़िया, मनोज गुम्बर, अश्वनी कुमार, परमजीत सिंह पम्मा, अजीत भुसरी, राहुल अनेजा इन्द्रजीत डाबर, उपाध्यक्ष सतीश छाबड़ा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, रविन्द्र वीर सिंह, बल्देव ढींगरा, सचिव निर्मल नारंग, श्याम सुन्दर कालड़ा, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, धीरज एशपुजानी, सागर अनेजा, उपकोषाध्यक्ष अनिल सुधा, टीकम खेड़ा, रोहित पोपली, अंकुर चावला, कशिश खुराना,अनमोल भुड्डी, पारस पोपली, विजय सुखीजा, अजय खेड़ा, अरविन्द्र धवन, विनोद भुसरी, कृष्ण लाल सुधा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, पारस धवन, सक्षम ग्रोवर, राजकुमार भुड्डी, लेखराज भुड्डी, अशोक हुड़िया, अजीत भुसरी, अशोक भुड्डी, पवन बजाज, धर्मचन्द खेड़ा, वेद बजाज, हरिचन्द छाबड़ा, पारस धवन, प्रमोद बजाज, अशोक पोपली, अभिषेक गुंबर, नरेश हुड़िया,पंकज सेतिया, अशोक सुधा, सतीश छाबड़ा, निर्मल कुमार, धीरज, मोहन लाल खेड़ा, रमेश अनेजा, संजीव झाम, प्रवीण गगनेजा, अमित भुड्डी, राकेश छाबड़ा, अमित ढींगरा, रोहित कालड़ा, सुधीर भुसरी, अंकित भुड्डी, दीपक भुड्डी, गौरव नागपाल अनमोल भुड्डी, राजू पोपली, राजू शमा, शिवम छाबड़ा, नकुल मुंजाल सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



# कोलम्बस की छात्रा अर्णिमा ने किया नाम रोशन

## राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आध्यात्मिक वाकपटुता प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान प्राप्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं की होनहार छात्रा अर्णिमा शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आध्यात्मिक वाकपटुता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य व विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने जानकारी देते हुए बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वाधान में फरीदाबाद स्थित सतयुग दर्शन वसुन्धरा के सभागार में 2 व 3 अक्टूबर को राष्ट्रीय आध्यात्मिक वाकपटुता प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों व 3 केंद्र शासित प्रदेशों से आए विद्यार्थीगणों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आध्यात्मिक वाकपटुता प्रतियोगिता प्रथम चरण में राज्य स्तर पर ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की गई थी। जिसमें उत्तराखण्ड राज्य से केवल दो प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ था जिसमें कोलम्बस स्कूल की होनहार छात्रा अर्णिमा शर्मा ने प्रतियोगिता के 'पुष्प' वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में भी अर्णिमा शर्मा ने अपनी बुद्धिचातुरी व वाक्पटुता का लोहा मनवाते हुए अपनी अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से जजों को प्रभावित कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के मार्गदर्शक श्री सजन सिंह जी व सतयुग दर्शन ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती रेशमा गाँधी जी द्वारा अर्णिमा शर्मा को मैडल, प्रमाण पत्र के साथ-साथ 11000 रूपये की नगद धनराशि से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने अर्णिमा शर्मा की इस स्वर्णिम सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें व उनके परिजनों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त करना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है जो कि छात्रों में नेतृत्व कौशल और प्रभावी संवाद की कला को विकसित करती है।






# माता साहिब कौर के जन्मदिन पर किया मातृशक्ति को सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। माता साहिब कौर के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के साथ उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालने के उपरांत मातृशक्ति को सम्मानित किया गया ।सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 10 सेवादार महिलाओं को वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनके स्वस्थ जीवन की कामना भी की गई । कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र सिंघ ने बताया कि हर वर्ष माता साहिब कौर का जन्मदिन देश भर में धूमधाम से



मनाया जाता है श्री गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा जब अपने चार पुत्रों के जन्म के उपरांत गृहस्थ जीवन का त्याग कर दिया तो समर्पित भाव से माता साहिब कौर ने उनसे विवाह करने का संकल्प करते हुए निवेदन किया था तब गुरु साहिबान ने उनके निवेदन को स्वीकार करते हुए उनको खालसा पंथ की माता का खिताब देकर सम्मानित किया था आज सिख धर्म के अनुयाई गुरु गोविंद सिंह को धार्मिक पिता और माता साहिब कौर को अपनी धार्मिक माता मानते हैं और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी देते हैं । इस मौके पर अमरीक सिंह,हरविंदर सिंह, बलबीर कौर, परमजीत कौर, जसवीर कौर,वीर कौर,ज्ञानो कौर,बलजीत कौर सीमा कौर मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### राजनीतिक मर्यादा

हरियाणा विधानसभा चुनाव के समय गुरमीत राम रहीम के पैरोल पर बाहर आने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। एक ऐसा व्यक्ति, जो हत्या और बलात्कार जैसे संगीन जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहा हो, वह बार-बार सलाखों से बाहर कैसे चला आता है, यह बड़ा सवाल है। ऐसा अनेक बार हो चुका है। अब तक वह करीब दो सौ पचहत्तर दिन पैरोल या फरलो पर बाहर रह चुका है। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि वह प्रायः उन्हीं दिनों जेल से बाहर आया, जब कहीं न कहीं चुनाव चल रहे थे। हालांकि इस बार हरियाणा के निर्वाचन आयोग ने उसे हरियाणा से बाहर रहने को कहा है, मगर इतने भर से उसके पैरोल पर सवाल उठने बंद नहीं हो जाते। करीब महीना भर पहले ही पैरोल पर रह कर वह जेल गया था। पूछा जा रहा है कि एक तरफ संगीन मामलों में सजायाफ्ता कैदी को पैरोल मिल जाता है, वहीं बहुत सारे आरोपियों को जमानत नहीं मिल पाती। बहुत सारे कैदियों को नितांत आकस्मिक स्थितियों में भी पैरोल नहीं मिल पाती। क्या राम रहीम के लिए जेल नियमावली अलग है। बताया जाता है कि राम रहीम का हरियाणा के कुछ जिलों में खासा प्रभाव है। तो क्या वह हर बार अपने अनुयायियों को कोई राजनीतिक संदेश देने बाहर आता है? इससे पहले वह हरियाणा नगर निकाय चुनाव के समय तीस दिन की पैरोल पर बाहर आया था। आदमपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले उसे चालीस दिन की पैरोल मिली थी। हरियाणा पंचायत चुनाव से पहले भी उसे पैरोल मिली थी। राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले उसे उनतीस दिन की फरलो दी गई थी। इस तरह बार-बार उसके जेल से बाहर आने पर राज्य सरकार की मंशा पर उचित ही सवाल उठ रहे हैं। इसी तरह गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों को भी पैरोल और फरलो पर बार-बार बाहर भेजा जाता रहा और अंततः केंद्र की सहमति से राज्य सरकार ने उनकी सजा माफ कर दी थी। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद फिर उन्हें जेल भेजा गया। शायद सरकारों को कानून की तो कोई परवाह नहीं रह गई है, वे लोकलाज और राजनीतिक मर्यादा भी भूल गई हैं।

# श्री शिव पार्वती रामलीला में ताड़का वध का मंचन





गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के आवास विकास स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्री शिव पार्वती रामलीला मंचन के तीसरे दिन ताड़का वध का मंचन देंखने हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी जनता पहुँची।वही रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया,थानाध्यक्ष जसवीर चौहान का रामलीला कमेटी द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया।वही मुख्य अतिथि नरेश हुड़िया ने अपने संबोधन में कमेटी नाट्यकलब व महावीर दल का आभार प्रकट किया।उन्होंने कहा हमें अपने जीवन में श्री राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए जैसे भरत ने अपने भाई के लिए राज पाठ को छोड़कर भाई को अपना आदर्श बनाया यही हमारे जीवन में सीख है ।इस अवसर पर ताड़का वध का सुंदर मंचन देखने को मिला। वही थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने उपस्थित जनता को सतर्क व सुरक्षित रहने की सीख दी साथ ही उन्होंने कहा प्रभु राम की लीला हमारे जीवन को सरल बनाने का काम करती है जीवन मे मर्यादा ओर अपने माता पिता के प्रति आदर सम्मान की बड़ी सीख देती है उन्होंने ताड़का के अभिनय की जमकर सराहना की।वही थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने महावीर दल के अध्यक्ष बन्टी छाबड़ा सहित उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि इतनी भीड़ को सरल स्वभाव के चलते बहुत सम्मान के साथ सम्भाला। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महासचिव संतलाल हुडिया,कोषाध्यक्ष राजकुमार गुंबर, क्लब डायरेक्टर मदन हुड़िया, हरलोक सिंह नामधारी, जसवीर चीमा, उपदेश अरोड़ा, संजीव अरोड़ा, शम्मी बत्रा, राजेश हुडिया, मनोज चौहान, विकास तनेजा, रिंकू भुसरी, दीपक बेहड़, अभिषेक वर्मा, रवि छाबड़ा, कमल अनेजा, बंटी छाबड़ा, विशाल हुंडिया, आकाश कोचर, प्रेम सचदेवा, राकेश भुडी, हरीश अरोड़ा, सागर गाबा, मुकेश पाल, संजीव नागपाल, सचिन गुप्ता, शाहनूर अली, किशन गुप्ता, मोहित अरोरा,हन्नी सुखीजा, दीपक कालड़ा, राजू वाधवा, कमल अनेजा, विजय हुडिया, दीपक अनेजा, शिवा शर्मा सहित भारी संख्या में राम भक्त महिलाएं एवं धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही।

## ताड़का के अभिनय की जमकर हुई सराहना

गदरपुर। नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तराखंड का गौरव चैनल के एडिटर गौरव बत्रा को ताड़का के रूप में देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुँचे।गौरव बत्रा ने इस अभिनय को तीसरे वर्ष निभाया और ऐसा निभाया कि बच्चे डर के मारे रोने लगे । उपस्थित जनता ने तालियां बजाकर उनके अभिनय की सराहना की। एक ऐसा अभिनय जिसे करने के लिए लोग डरते हैं उसी कठिन अभिनय को गौरव बत्रा ने आसानी से निभाया ।

# श्रवण कुमार की मातृ-पितृ भक्ति के मंचन ने किया भाव विभोर

## शिक्षक पंकज राय 45 वर्षो से कर रहे है अभिनय

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के भारत माता पार्क में आदर्श श्रीरामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मे दूसरे दिन श्रवण कुमार की मातृ-पितृ भक्ति, श्रवण कुमार की मृत्यु, मार्मिक सुंदर लीला का मंचन हुआ। दूसरे दिन लीला का शुभारम्भ श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना के पश्चात श्री राम लीला शुरु हुआ। पिछले 45 वर्षो से अभिनय की दुनिया मे सक्रिय इस वर्ष श्रवण कुमार का चरित्र क्षेत्र के शिक्षक पंकज राय कर रहे है। माता पिता भक्त श्रवण कुमार अपने माता पिता को तीर्थ करवाने हेतु कांवर तैयार कर उसमे माता पिता को बैठाकर तीर्थ के लिए निकल जाते है। जब तीनो अयोध्या नगरी पहुंचते है,तब माता पिता श्रवन कुमार से प्यास लगने की बात कहते है, श्रवण कुमार कांवर को जंगल मे रखकर सरयू किनारे पानी भरने लगता है। इस हलचल को शेर के पानी पीने की आवाज समझ कर राजा दशरथ शिकार के उद्देश्य से तीर चला देते हैं और उस तीर से श्रवण कुमार के हृदय को आघात पहुँचता है, उनके मुख से पीड़ा भरी आवाज निकलती है, जिसे सुनकर दशरथ स्तम्भ रह जाते है, और उन्हे अनहोनी का एहसास होता है, वन के सीने मे अपना तीर देखकर दशरथ को अपने भूल का एहसास होता है, श्रवन अंतिम सांस लेते हुए अपने नेत्र हिन माता पिता के प्यासे होने की बात कहकर प्राण त्याग देते है। शरथ श्रवण कुमार के माता पिता को सारी बातें व श्रवन के मृत्यु की बात कहता है, उसके बाद शांतनु महाराज दशरथ को श्राप देते है की मेरी तरह तूम भी पुत्र वियोग मे मरोगे। इतना कहकर श्रवन के माता पिता अपने प्राण त्याग देते है। श्रवण कुमार के अभिनय को जीवन्त चरितार्थ करने वाले पंकज राय ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। खेलकूद, संगीत, समाजसेवा से जुड़े होने के कारण लोकप्रिय भी है,क्रिकेट हो या फुटबॉल उनके कमेट्री खेल को और भी रोमांचक बना देता है। इत्तेफाक से पंकज राय 60 वा जन्मदिन भी था,जैसे ही इस बात का साथी कलाकार व कमेटी के सदस्यो को पता लगा,तो रामलीला मंचन के समाप्ति पर पंकज राय का जन्मदिन मनाकर बधाई दिया।इस मौके पर अध्यक्ष राघव सिंह,जयंत मण्डल, रविन्द्र अग्रवाल, कार्तिक राय,माखन, संजय कुमार, दीपक कालरा महेन्द्र अग्रवाल,अंकित मित्तल आदि मौजूद थे।



# विधायक अरोरा ने भूरारानी में अग्निकाण्ड का लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भूरारानी स्थित एक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा घटना स्थल पहुँचे और अग्निकाण्ड का जायजा लिया। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की 6 गाड़ी आग बुझाने में लगी थी। विधायक शिव अरोरा ने मौके पर स्थिति जायजा लिया। विधायक शिव अरोरा ने प्रशासनिक अधिकारियों से नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने की बात कही। विधायक शिव अरोरा ने बताया आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड कड़ी मशक्कत करनी पड़ी । विधायक ने गोदाम स्वामी अनिल ढींगरा को हर सम्भव मदद हेतु प्रयास करने की बात कही और इस संकट कि घड़ी में पीड़ित की हिम्मत बंधायी। इस दौरान पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा, सुशील गाबा, वैभव ग्रोवर व पुलिस व फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# आवारा गोवंश से हुई दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजे की मांग

लालकुंआ (उद संवाददाता)। भाकपा (माले) ने लालकुआं तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आवारा गोवंश से टकराकर हादसे का शिकार हुए युवकों के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की।इ स दौरान भाकपा (माले) के जिला सचिव कॉमरेड डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, 7 अगस्त 2024 को भाकपा (माले) द्वारा दिए गए ज्ञापन में आवारा गोवंश से किसानों की फसल के नुकसान और सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि रोकने की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया था। उसके बाद आवारा गोवंश से हुई कई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मुत्यु हुई व कई लोग घायल हो चुके हैं। 18 सितम्बर को तहसील में भी विशाल प्रदर्शन करके आवारा गोवंश को तहसील में बांधते हुए ज्ञापन सौंपा गया था परंतु इसके पश्चात् भी कोई परिणाम सामने नहीं आया है। आवारा गोवंश का आतंक बदस्तूर चौतरफा जारी है। 3 सितम्बर 2022 को आवारा गोवंश के टकराने से बाइकसवार युवक लवी नेगी की मौत हुई थी व हिमांशु रावत गम्भीर रूप से घायल हुआ था। घायल हिमांशु रावत का काफी समय से इलाज चल रहा है। उसका एक पांव व एक हाथ बुरी तरह से फ्रैक्चर हुआ व कमर में भी काफी चोट लगी थी। उसके इलाज में ऑपरेशन, दवाई व सर्जरी के सामान खरीदने में काफी पैसा खर्च हो चुका है। हिमांशु रावत गरीब परिवार का बच्चा है और परिवार आर्थिक बोझ से दबा हुआ है। भाकपा(माले) एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया ने कहा कि, यह हादसा आवारा गोवंश के टकराने से हुआ है और गोवंश के आवारा होने का सीधा कारण शासन- प्रशासन की नीतियां है। इसलिए शासन प्रशासन को गोवंश के कारण हो रहे हादसों में घायलों व मृतकों को मुआवजा देना चाहिए। जैसा कि 18 सितम्बर के दिए ज्ञापन में भी मुआवजे की मांग रखी गई थी। ज्ञापन के द्वारा तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि 3 सितंबर को हुई दुर्घटना में घायल व मृतक के परिवार को जिला प्रशासन अपने कोष से मुआवजा दे साथ ही आवारा गोवंश के कारण हो रह से और जल्द ही गोवंश के कारण दुर्घटनाओं में भी मुआवजे की नीति बनाने की पहल की जाय। फिलहाल अपने स्तर से जिला प्रशासन के कोष से हिमांशु रावत के परिवार को मुआवजा दिया जाय। ज्ञापन देने वालों में डा कैलाश पाण्डेय, पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण, ललित मटियाली, नैन सिंह कोरंगा, निर्मला शाही, आनंद दानू, अनीता अन्ना,सरिता जंगी, मुन्नी देवी, भावना देवी, पुष्पा देवी, प्रीति पाण्डेय, हेमंती देवी, चंद्रशेखर पाठक, नारायण सिंह आदि शामिल रहे।




# राज्यमंत्री बिष्ट ने किया रामलीला का शुभारंभ

गरुड़(उद संवाददाता)। गरुड़ में ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंम हो गया है, रामलीला का दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने फीता काटकर शुभारंम किया। वहीं रामलीला का उद्घाटन करते हुए कमेटी को लगातार क्षेत्र की प्रमुख रामलीला के मंचन के लिए सभी कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। साथ ही रामलीला मंचन करने वाले कलाकारों की भी सराहना की। वहीं रामलीला मंचन में पहले दिवस में नारद मोह का मंचन,राजा दशरथ और उनकी महारानियों का संवाद, प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव, के साथ ही पहले दिन कि रामलीला का मंचन हुआ। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विनोद भट्ट संरक्षक गिरिश चंद्र पांडेय लक्ष्मी दत्त पाडे, घनश्याम जोशी, अनिल पांडे, चंद्र शेखर बड़सीला,मेनेजर विपिन तिवारी दिवान नेगी मोहन चंद जोशी कान्हा जोशी, भुबन जोशी राजेंद्र नेगी गिरिश बिष्ट रमेश जोशी दीप शर्मा योगेश पंत कैलाश शास्त्री, दिनेश नेगी, रमेश खोलियां आदि मौजूद थे।



# नानकमत्ता में क्षेत्रीय गणित मेले का आगाज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा क्षेत्रीय गणित मेले का आयोजन 4 व 5 अक्टूबर 2024 को पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नानकमत्ता में किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मदन सिंह जलाल ने बताया कि इस क्षेत्रीय गणित मेले में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। इस गणित मेले में वैदिक गणित,पत्र वाचन,गणित प्रदर्श,वैदिक गणित प्रश्न मंच आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होगा। कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी इसमें प्रतिभाग करेंगे।

# एंटी करप्शन फोर्स ने पुष्प वर्षा से किया श्री राम बारात का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स ने अशोक कश्यप के नेतृत्व में राम बारात का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय सचिव शारिफ खान, राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी, संरक्षक दिनेश कुमार लांबा ,प्रदेश अध्यक्ष शोभा बिष्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, दीपा खत्री, नंदिनी खत्री, जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, जिला अध्यक्ष महिला राधा आर्या, नगर अध्यक्ष दौलत सिंह सैनी, सायमा सिद्दीकी,प्रेम यादव, प्रेमलता यादव, सोनू जोशी, शशि गुप्ता, जया पाठक, चंपा चीलवाल आदि लोग मौजूद थे।



# भगवती जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की सीमा से सेट ग्राम नवाबगंज में एक शाम मां के नाम कमेटी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती का विशाल तीसरी जागरण का आयोजन किया गया जिसमें जागरण मंडल के महंत नरेंद्र शर्मा द्वारा पूजन प्रारंभ कराया गया। तत्पश्चात काशीपुर से मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे युवा समाजसेवी गगन कंबोज व बिलासपुर के ब्लॉक प्रमुख अवतार सिंह औलख द्वारा सामूहिक रूप से माँ की ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया गया। गदरपुर से पहुंचे भजन प्रवाहक राहुल कक्कड़ ने माता के सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया



जिस पर दूर-दूर से पहुंची संगत जमकर झूमी। उसके बाद बाजपुर से मां भगवती के चरणों में हाजिरी लगाने पहुंचे दीपक जलता के भजनों पर भी दूर-दूर से ए संगत ने नाच के महामाई के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई वही बीच-बीच में झांसी के रूप में दूर-दूर से ए संगत में देवी देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया वही सुबह भोर के समय महंत नरेंद्र शर्मा द्वारा माता तारा रानी की कथा का गुणगान किया गया उसके बाद मां की आरती आरती के पश्चात हलवे चने का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान दलीप सिंह प्रधान, योगेश झाम,अशोक,सुनील, कृष्णा, रजित, हरजीत, पारस,प्रतीक, कव्य, विक्रांत, सौरभ,नितिन,सतेंद्र,सुधीर,आशु, दीपांशु, कालीदास,संदीप राठी, रोहित, सूरज,हितेश, मानव,सुमित सहित तमाम भगतो ने अपनी अपनी हाजिरी लगाई।

# महाविद्यालय किच्छा को राष्ट्रीय सेवा योजना की मिली एक इकाई

किच्छा(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय किच्छा के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। निदेशालय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग देहरादून द्वारा वर्ष 2024-2025 से महाविद्यालय किच्छा में एनएसएस की नई इकाई स्वीकृत की गयी है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय किच्छा को राज्य एन एस एस इकाई से राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई प्रदान कर दी गई है द्य सामान्य शिविर में 100 तथा विशेष शिविर में 50 विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में पंजीकरण करा कर सामान्य और विशेष शिविरों में भाग ले सकेंगे। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी एक ओर जहां अपने आस पास के समाज से जुड़ सकेंगे, समाज की समस्याओं को जान सकेंगे तथा उनके समाधान में अपना सीधा योगदान दे सकेंगे। इस तरह शिक्षा समाज के उत्थान में अपना योग दे सकेगी। विद्यार्थी का व्यक्तित्व बहु आयामी हो सकेगा। इतना ही नहीं विद्यार्थी एन एस एस बी तथा सी परीक्षा पास कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। एन एस एस के बी तथा सी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के चयन में राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार अधिमान भी प्राप्त कर सकेंगे।

# जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला कांग्रेस कमेटी में विस्तार करते हुए कई पदों पर निष्ठावान, और समर्पित कार्यकर्ताओं को तरजीह दी गई है, और



उनसे अपेक्षा की गई है कि वह निष्ठा, लगन, समर्पण और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। बृहस्पतिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गाबा की अध्यक्षता में मनोज कुमार सिंह, को जिला कांग्रेस कार्यालय सचिव, वहीं साजिद खान को जिला प्रवक्ता, और सतवीर सिंह पदम को जिला सचिव का पद देकर उन्हें मनोनयन पत्र सौपे।इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता मनोज कुमार सिंह, साजिद खान, और सतवीर सिंह पदम की नियुक्ति को उचित बताते हुए कहा कि यह तीनों ही कांग्रेस के निष्ठा वान, और समर्पित कार्यकर्ता हैं,और कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से मेहनत करेंगे स इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, जिला कांग्रेस के महामंत्री संगठन योगेश चौहान,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, रोहित चौहान,राधेश्याम बंसल, अनिल साहनी, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे इस अवसर पर नवमनोनित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया और मिष्ठान वितरण किया गया।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी दो सितंबर से सदस्यता अभियान के जगह-जगह कार्यक्रम कर लोगों को पार्टी से जोड़ने की तैयारी कर रही है वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा को भी इस बार बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। अल्पसंख्यक मोर्चा को भारत देश में लगभग 50 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इसी क्रम में उत्तराखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के दिशा निर्देश में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रिजवान हुसैन के नेतृत्व में ग्राम मसीत और डॉगपुरी में लगभग 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने बताया कि उत्तराखंड के हर जिले में जाकर भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्य को लोगों को बताने एवं आम जनमानस को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रिजवान हुसैन ने बताया



कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपनी विचारधारा से उलट मुस्लिम वर्ग पर भी पार्टी ने खास रणनीति को तैयार किया है। रिजवान हुसैन ने बताया कि बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत मसीत और डॉगपुरी में 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई है। इस दौरान केलाखेड़ा नगर पंचायत के निवर्तमान चेयरमैन अकरम पठान, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सैफ अली, आमिर सोहेल, नईम पाशा, भोला, नाजिम, फैज अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी ने अरुण चौहान का किया स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। मौहल्ला अल्ली खां स्थित करबला मैदान में जारी ऑल स्टार क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट में रात बैलजुड़ी और रामनगर के बीच नाइट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें बैलजुड़ी टीम विजेता रही। ऑल स्टार क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट द्वारा पिछले 6 वर्षों से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव अरुण चौहान का टूर्नामेंट कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर



अरुण चौहान ने आयोजक कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'नशा छोड़ो जिंदगी से नाता जोड़ो' थीम बहुत अच्छी है। इससे युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जाता है। साथ ही युवाओं का रुझान क्रिकेट की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि यहां खेलने वाले खिलाड़ी एक दिन अवश्य ही देश व प्रदेश के साथ ही काशीपुर का नाम रौशन करेंगे। आयोजक ने कहा कि काशीपुर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत उनकी कमेटी द्वारा की गई। इसका मकसद युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और नशे से सदैव दूर रहने के लिए सचेत करना है। उन्होंने कहा कि नशे के चलते जो युवा भटक गये हैं, उनका भविष्य संवारने की दशा में कार्य करते हुए कमेटी ऐसे युवाओं को क्रिकेट के प्रति जागरूक कर उन्हें अपने साथ जोड़ रही है। इस मौके पर फहीम चौधरी, रियाज अख्तर डा. एमए राहुल, रिजवान चौधरी, वसीम अकरम, जफर मुन्ना, अनीश अंसारी समर खान, शाहिद चौधरी, शरीफ तिवारी, राशिद सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

# नेत्रदान कर अमर हो गयी सरला मिगलानी

रूद्रपुर। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी मनोहर लाल मिगलानी की पत्नी सरला मिगलानी मृत्यु उपरांत नेत्रदान कर अमर हो गयी। उनकी आखिरी इच्छा के मुताबिक उनके परिवारजनों ने सी.आर. मित्तल ट्रस्ट के माध्यम से नेत्रदान करवाए जिससे दो लोगो की जिंदगी फिर से रोशन हो सकेगी। समाजसेविका सरला मिगलानी के संकल्प को पूरा करने पर श्री सी. आर.मित्तल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीकृष्ण मित्तल तथा ओमप्रकाश सिंगला ने श्रीमती सरला मिगलानी के पति मनोहरलाल मिगलानी उनके पुत्र राकेश मिगलानी तथा दीपू मिगलानी को ट्रस्ट की तरफ से सम्मानित किया। गुरुवार को स्थानीय पांच मंदिर में उनकी रस्म पगड़ी सम्पन्न हुई जिसमे सैंकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर ओर व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा, नरेंद्रगगनेजा, व्यापारमंडल के पूर्व अध्यक्ष बलवंत अरोड़ा, लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा, सुभाषचंद



खंडेलवाल, पवन अग्रवाल,सुरमुख सिंह विर्क,टिल्लू अग्रवाल, विक्की गक्खड़, महेश प्रताप बब्बर, भरतकुमार बत्रा, सुशील बत्रा, रामजी आहूजा, राकेश तनेजा,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ,राकेश डुडेजा नीरू छाबड़ा ,राजकुमार सिधर, सुरेश कुमार पुंशी, जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य रिम्मी तागरा, रमेशनागपाल, परमजीत पुपी, प्रताप सिंह कामरा,राजेश जग्गा प्राण ठक्कर, ओमप्रकाश सिंगला तथा कस्तूरीलाल तागरा समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**किसानों की समृद्धि के लिए...**उद्योग प्रदर्शनी कि बधाई देते हुए कहा कि भारत में हरित क्रांति के अग्रदूत के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आप सभी महानुभावों के बीच आकर मुझे अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के किसान मेले प्रदेश के किसान भाईयों की उन्नति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि इस प्रकार के कृषि मेलों के माध्यम से वैज्ञानिक, किसान एवं उद्यमी एक ही स्थान पर कृषि सम्बन्धी नवीनतम तकनीकों तथा विभिन्न जानकारियों का आदान-प्रदान कर सकते हैं, इसके साथ ही किसान भाईयों को उन्नत बीज, पौंध, कृषि यंत्र और जैविक खाद सहित कृषि से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर मिल जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस मेले में प्रदर्शनी के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी जानकारियों से हमारे किसान भाई अवश्य लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला वास्तव में कृषि का एक ऐसा कुंभ है, जो किसानों को आधुनिक तकनीकी का बोध कराकर उन्हें समृद्ध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसानों को कुशल, समृद्ध और आधुनिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक ओर उपज बढ़ाने हेतु तकनीकी के प्रयोग और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार द्वारा किसानों को सभी प्रमुख फसलों पर बढ़ी हुई डैंचदेकर किसानों की आय में बढ़ोत्तरी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों के प्रति आदरणीय मोदी जी की प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस बार जब आदरणीय मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले उन्होंने किसान भाईयों को षकिसान सम्मान निधिष आर्वटित करने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। किसान सम्मान निधि की योजना के जरिए आज उत्तराखंड के भी लगभग 8 लाख से अधिक किसान भाईयों को आर्थिक संबल मिल रहा है, इतना ही नहीं, आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले दिनों किसान भाईयों का जीवन स्तर बेहतर करने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से करीब 14 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली कुल सात नई योजनाओं को भी मंजूरी दी है। जिन योजनाओं से किसान भाईयों को बड़े पैमान पर लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर हमारी राज्य सरकार भी प्रदेश के किसानों के उत्थान एवं समृद्धि हेतु संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में किसानों को तीन लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है तथा किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य फार्म मशीनरी बैंकष योजना के जरिये कृषि उपकरण खरीदेने हेतु 80 फीसदी तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद पर कृषकों को प्रति क्विंटल 20 रू. का बोनस दिया जा रहा है, इसके साथ ही हमनें गन्ने के रेट में भी 20 रूपए प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किसानों के लिए नहर से सिंचाई को बिल्कुल मुफ्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सब्जियों की तरह ही फलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी हमारी सरकार विभिन्न स्तर पर काम कर रही है, जिसके अंतर्गत हमने सेब और कीवी का उत्पादन व्यापक स्तर पर बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में एप्पल और किवी मिशन की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि एप्पल मिशन के अंतर्गत सेब बागान लगाने वाले किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार प्रदेश में कीवी के बगीचे स्थापित करने में भी सरकार हर संभव मदद कर रही है, इसके साथ ही कई अन्य योजनाओं, नवाचारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए उत्तराखंड के किसान भाईयों को अधिक से अधिक प्रशिक्षित, आधुनिक और समृद्ध बनाने का हम प्रयास कर रहे हैं। तकनीकें ना सिर्फ उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के किसानों को फायदा पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज आयोजित हो रहा यह किसान मेला निश्चित रूप से किसान भाईयों के उत्थान में अहम योगदान देगा। कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने सभी अतिथियों व किसान भाइयों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि सूबे के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेर्तत्व में प्रदेश दिनों दिन विकास की ओर अग्रसर है तथा प्रदेश की जीडीपी भी 1.3 बढ़ी है। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि पूरे देश में दलहन की 28 बीज स्वीकृत हुए हैं जिसमें से 10 बीज पंतनगर विश्वविद्यालय के खाते में आये हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ग्लोबल बनने जा रहा है विगत दो वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा 7 एमओयू अंतराष्ट्रीय स्तर के हुए हैं तथा विश्वविद्यालय द्वारा 300 कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं तथा ड्रोन व एआई तकनीक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर भी विश्वविद्यालय द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, तिलक राज बेहड़, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, धीरेन्द्र मिश्रा,उप महानिदेशक युएस गौतम, मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, एसपी सिटी मनोज कत्याल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व किसान आदि उपस्थित थे।

**सात साल में भी..** वस्तु एवं सेवा कर मेरठ परिक्षेत्र के मुख्य आयुक्त राजीव जैन अध्यक्ष तथा कमिश्नर देहरादून, नीलेश कुमार गुप्ता, आयुक्त राज्य कर अहमद इकबाल तथा जिला मजिस्ट्रेट देहरादून श्रीमति सोनिका को सदस्य बनाया गया है। ट्रिब्युनल के तकनीकी राज्य सदस्य की नियुक्ति के सम्बन्ध में उत्तराखंड शासन के कार्यालय ज्ञान 27 फरवरी 2024 की फोटो प्रति उपलब्ध करायी गयी है। इसके अनुसार मुख्य न्यायाधीश उत्तराखंड उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में सर्च कम सलेक्शन कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग (राज्य कर विभाग) को सदस्य सचिव तथा वरिष्ठतम न्यायिक सदस्य/मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखंड के सेवानिवृत न्यायाधीश (मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित), मुख्य सचिव तथा सचिव उद्योग विभाग को सदस्य बनाया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के सचिव (वित्त) को भेजे पत्र दिनांकित 06 मई 2024 से स्पष्ट है कि मुख्य न्यायाधीश ने उत्तराखंड रेरा ट्रिब्युनल के अध्यक्ष जस्टिस रमेश चन्द्र खुल्बे को सदस्य नामित किया है।

**कार की टक्कर से ...** चिकित्सालय ले जाया गया। जहां शफीकन की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी गई है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।


**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धूमधाम से निकली प्रभु श्री राम की बारात

## राम बारात में सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर के साथ थिरकेश्रद्धालु ,जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में गत दिवस अहिल्या उद्धार,धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, श्री राम विवाह की लीला का मंचन किया गया। व्यास पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि गुरु विश्वामित्र के साथ शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा के लिए उनके आश्रम को प्रस्थान करते हुए मार्ग में महर्षि गौतम के श्राप से पाषाण बनी अहिल्या का उद्धार करते हैं। मिथिला नरेश राजा जनक को जब पता चला कि महर्षि विश्वामित्र क्षेत्र में आए है और उनके साथ दो बालक भी आए हैं तो उन्होंने अपने महल में उन्हें आमंत्रित किया और राजकुमारों के विषय में जानकारी ली। जनकपुरी भ्रमण के लिए दोनो राजकुमार जाते है। वहीं गौरी पूजन के समय सीता जी को भगवान श्री राम के प्रथम बार दर्शन प्राप्त होते है। उसके पश्चात सीता स्वयंवर का आयोजन जनकपुरी में होता है। जहां महाराजा जनक ने यह शर्त रखी की सीता जी उसी योद्धा का वरण करेंगी जो इस पुराने शिव धनुष को तोड़ेगा। तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने का प्रयास किया पर वे धनुष को हिला भी न पाए। इस पर महाराज जनक शोकाकुल और क्रोधित हो गए और उन्होंने कहा क्या यह धरती योद्धाओं से खाली हो गई। इस पर महर्षि विश्वामित्र प्रभु राम से कहते हैं आज कि ष्उठऊ राम भांजहू भव चापू, मेटहु तात जनक परितापू कि ही राम उठो और इस शिव धनुष को तोड़ कर महाराज जनक का संताप दूर करो। इस पर भगवान श्री राम गुरु विश्वामित्र को प्रणाम करके धनुष तोड़ते हैं। माता सीता ने वरमाला भगवान श्री राम के गले में डाल कर भगवान का वरण किया। इसके पश्चात लक्ष्मण परशुराम संवाद होता है। लीला में भगवान राम की भूमिका में कुणाल पांडे सीता जी की भूमिका में रुद्र बिष्ट, जनक जी की भूमिका में नरेश गोस्वामी, लक्ष्मण जी की भूमिका में मेहुल जोशी,भरत वैभव देवल, शत्रुघ्न स्पर्श अग्रवाल, व्यास जी के साथ तबले पर संगत प्रमोद भट्ट ने दी। दिन की लीला के व्यवस्थाओं में सुशील शर्मा ,तुषार सोनकर, कृष्ण राठौर, वंश गुप्ता, वरुण , जितेंद्र जायस वाल,सचिन जायसवाल, महेश राजा , हितेश शर्मा आदि ने लीला मंचन में सहयोग दिया। आज ग्रीन रूम में मेक अप आर्टिस्ट बाला पंडित गट्टू भाई रहे। संचालन समिति से रिसीवर एपी बाजपेई, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, संजय गुप्ता, अजय राजौर, योगेश शर्मा, हितेश पांडे , मंजू वार्ष्णेय आदि रहे। इससे पूर्व अयोध्या नगरी से भव्य श्री राम बारात ले कर प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के सदस्य हरिमोहन अरोरा, डीके गुप्ता, लाला जायसवाल आदि जनक पुरी पहुंचे। रामलीला संचालन समिति ने बारात का भव्य स्वागत किया। श्री राम बारात में सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रमोद तोलिया, जोगेंद्र रौतेला, प्रताप बिष्ट गोपाल पाल आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। आज व्यास पूजन में नमन कृष्ण शास्त्री, मनीष अग्रवाल, भुवन जोशी, मनोज जोशी ने सपत्नीक किया। आज की लीला में अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर जी,राहुल जोशी, तरुण बंसल, भगवान सहाय, ओजस पाल, देवेश अग्रवाल आदि रहे। वहीं गत सायं कांग्रेस प्रदेश महासचिव सोहेल सिद्दिकी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री राम बारात का भव्य स्वागत किया और राम बारातियों को फल वितरित किए। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, मयंक भट्ट, महिला कांग्रेस प्रतिनिधि मीमांशा आर्य, वरिष्ठ नेता हेमंत बागड़वाल, शोभा बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, संजय उप्रेती, विनोद कुमार, गीता बहुगुणा, रोहित भट्ट, हिमांशु जोशी और राजकुमार आदि मौजूद थे।







## भदईपुरा में ठुकराल ने किया रामलीला का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन रामलीला कमेटी दूधियानगर भईदपुरा की ओर से भदईपुरा में आयोजित श्री रामलीला मंचन का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं दूधिया मंदिर के महंत श्री श्री 108 स्वामी शिवानंद जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं पूजा अर्चना के बीच दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि भदईपुरा में विगत कई दशकों से रामलीला मंचन का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामलीला बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। ठुकराल ने कहा कि भगवान श्री राम की लीला को अवश्य देखना चाहिए और उसमें से अच्छाइयों को ग्रहण अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और हमें उनकी अच्छाइयों को अपने जीवन में उतारकर बुराइयों को दूर करना चाहिए।कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन अनुकरणीय रहा है। उनके जीवन से त्याग तपस्या प्रेम की सीख मिलती है। भगवान राम कुशल प्रशासक थे हमेशा उनके बताये मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिये। विशेषकर युवा पीढ़ी को रामलीला मंचन देखने के लिए अवश्यक आना चाहिए। रामलीला जहां हमें धर्म से जोड़ने का काम करती है वहीं समाज को सही राह भी दिखाती है। उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन तभी सार्थक होगा जब यहां से कुछ सीखकर जायें और उसे अपने जीवन में उतारें। इससे पूर्व आयोजकों ने मुख्य अतिथि राजकुमार ठुकराल, स्वामी शिवानंद जी महाराज सहित सभी विशिष्ठ अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पहले दिन रामलीला में नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र राघव ने किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि संजय ठुकराल, पूर्व सभ्ज्ञासद गोविंद राय, डा. राकेश सिंह, ललित सिंह बिष्ट, आनन्द शर्मा, रविन्द्र धर, वसीम त्यागी, पप्पू श्रीवास्तव, पवन कुमार गुप्ता,कुंवर पाल, सुनील कुमार सिंह, पोशाकी लाल, परमानंद, शंकर, जगदीश, प्रेमपाल गंगवार, दिनेश राघव आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।





## मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व के दूसरे दिवस पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर मां के जयघोषों से गुंजायमान होते रहे। पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित कर परिवार व समाज के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी



नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए आज भी भक्तों का तांता लगा रहा।

## कैकई कोपभवन की लीला का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)।अनाज मंडी गदरपुर में चल रही श्री राम जी की लीला में कल रात्रि में कुल गुरु विशिष्ठ एवम महाराज दशरथ और श्री राम जी की उपस्थिति में निओंद्रा की शुभ रस्म हुई। तत्पश्चात श्री राम जी की लीला का आरंभ हुआ जिसमें मुख्य दृश्य कैकई कोपभवन का मंचन किया गया। महाराज दशरथ की भूमिका निभा रहे श्री राम नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष अशोक सुधा, कैकई की भूमिका में सागर कालरा, श्री राम की भूमिका में निर्देशक अशोक पोपली, मंथरा की भूमिका में गुलशन शर्मा ने दृश्य में अपने अभिनय से चार चांद लगाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस दृश्य में रानी कैकई ने राजा दशरथ से भरत को राजतिलक और श्री राम को 14 वर्षों तक वनवास भेजने के 2 वरदान मांगे। अभिनय को देख दर्शक भावुक हुए और कलाकारों को खूब सराहा। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज महामंत्री अशोक धीर और कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## राम को मिला वनवास, सहर्ष किया स्वीकार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिन शुभारंभ सिल्वर ओक के मैनेजिंग डायरेक्टर राजू गावा एवं गुरु माँ इंटरप्राइजेज के स्वामी रमेश ढींगड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया,उनके साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का भी सानिध्य मिला। समाजसेवी रमेश ढींगरा ने कहा की प्रभु का मंचन देखने से जीवन धन्य होता है और मैं हर वर्ष मंचन को देखने आऊं मैं बस यही चाहता हूं।राजू गावा जी ने अपने संबोधन ने कहा की श्री शिव नाटक क्लब द्वारा रामलीला का मंचन करना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है और रामलीला मंचन को देखने से हमारी संस्कृति विरासत हमेशा बनी रहती हैं और आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार मिलते हैं। उन्होंने स्माइल फैक्ट्री के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जो भी सामान हमारे घर में ऐसा होता है जिसको हम इस्तेमाल नहीं कर सकते उसको स्माइल फैक्ट्री में प्रदान कर किसी जरूरतमंद की मदद कर सकते हैं,उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में स्माइल फैक्ट्री को देखने एवं उसका सहयोग करने की अपील की है ।श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। रामलीला के मंचन में राजतिलक का ऐलान,कैकई मंथरा संवाद,दशरथ कैकई संवाद, कैकई द्वारा वरदान मांगना एवं राम कैकई संवाद तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे कैकई की भूमिका भारत हुडिया ,दशरथ नरेश घई, सुमंत विशांत भसीन, मंत्री पुष्कर नागपाल, अभिनव अनेजा, राम गौरव अरोरा, मंथरा आदित्य कुमार द्वारा की गई । आज रात्रि के मंचन में राम वनवास, कौशल्या माता से विदाई,दशरथ से विदाई,राजा गुहू से भेंट, राम सुमंत संवाद एवं राम केवट संवाद तक की लीला का मंचन किया जाएगा।श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से रामलीला के अवलोकन हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।





